बाला जी मेरा काम करदे

बाला जी मेरा काम करदे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे.......

पहला सुख मेरी सासु सुसरा,
उनकी सेवा मेरे नाम कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

दूजा सुख मेरी जेठ जेठानी,
उनका खेती मैं ध्यान कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

तीजा सुख मेरा देवर देवरानी,
उनका घर मैं राज कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

चौथा सुख मेरे ननद नणदोईया,
चौथा सुख मेरा धी जमाई,
उनकी उम्र हज़ार कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

पांचवा सुख मेरे माथे की बिंदिया,
मांग सिंदूर अमर कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

छठा सुख मेरा बेटा बहुअड,
इनकी गोदी मैं लाल दे दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

सातवा सुख मनै जाना सत्संग मैं,
मेरा भक्ति मैं ध्यान कर दे,
तेरे भगता ने मालामाल करदे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29853/title/bala-ji-mera-kaam-karde

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |